ओएनजीसी द्वारा दक्षिण गुजरात के युवाओं के लिए यातायात प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

ओएनजीसी हजीरा संयंत्र, सूरत ने सीएसआर पहल के तहत दक्षिण गुजरात के युवाओं के लिए यातायात प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह प्रशिक्षण ईएसआर फाउंडेशन, वडोदरा के सहयोग से आयोजित किया गया जिसमें युवाओं को यातायात नियंत्रण, सड़क सुरक्षा, विभिन्न यातायात नियमों और विनियमों में प्रशिक्षित किया गया।

संयुक्त पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) श्री एच. आर. चौधरी, उप पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) श्रीमती अमिता वनानी और सहायक पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) श्री एम. एस. शेख ने अपनी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और रोजगार पैदा करने और सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण प्रदान करने की सराहना की। श्री एच. आर. चौधरी ने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने तथा आम जनता की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों के महत्व पर जोर दिया।

कार्यक्रम में ओएनजीसी हजीरा संयंत्र की ओर से मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन) श्री आलोक कुमार, सीएसआर समन्वयक श्री योगेश पटेल और प्रभारी सीएसआर श्री राजेन्द्र कुमार मिश्रा भी उपस्थित थे।

प्रशिक्षण पूरा होने के बाद, सीएसआर के तहत ओएनजीसी द्वारा सूरत यातायात पुलिस ब्रिगेड के प्रशिक्षुओं को वर्दी और संसाधन किट वितरित किए गए।

निगमित संचार
हज़ीरा संयंत्र, सूरत